# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


## शेयर बाजार मे तेजी : भारत-अमेरिका ट्रेड डील की उम्मीद से सेसेंक्स और निफ्टी मे उछाल !

Publisher Published on 01 Jul 2025




## भारत और अमेरिका के संभावित व्यापार समझौते से बाजार मे बंनी उत्साह की लहर, एशियन पेट्ंस, अडानी और HCL जैसे शेयरों मे जंबरदस्त तेजी।

**नई दिल्ली :** भारत और अमेरिका के संभावित **व्यापार समझौते** (India-US Trade Deal) की उम्मीदों ने घरेलू **शेयर बाजार** में एक बार फिर रफ्तार भर दी है। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी **मंगलवार, 1 जुलाई 2025** को **सेसेंक्स और निफ्टी** में जबरदस्त तेजी देखी गई।

सुबह करीब 9:30 बजे **बीएसई** का **सेसेंक्स 186.04 अंक की तेजी के साथ 83,792.50** के स्तर पर कारोबार कर रहा था, जो आगे चलकर 220 अंकों तक उछल गया। वहीं,**एनएसई का निफ्टी-50 भी 56.35 अंक चढ़कर 25,573.40** के स्तर पर खुला।

**टॉप गेनर्स: अडानी से लेकर एशियन पेट्ंस तक**
आज के कारोबार में **एशियन पेट्ंस के शेयरों मे 2 प्रतिशत** की बढ़त देखी गई। इसके अलावा जिन कंपनियों में 4% तक का इजाफा हुआ, उनमें शामिल हैं:

१. **अडानी एंटरप्राइजेज**
२. **एचसीएल टेक्नोलॉजीज**
३. **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स**

४. **अपोलो हॉस्पिटल**
५. **जियो फाइनेंशियल सर्विसेज**
६. डॉक्टर रेड्डी लैब्स

**अमेरिकी और एशियाई बाजार का रुख**
अमेरिकी शेयर बाजारों में भी जोरदार तेजी का माहौल बना रहा:
१. **S&P 500 मे 0.52% की तेजी के साथ 6204.95 का स्तर**
२. **NASDAQ मे 0.47% उछाल, जो 20,369.73 पर बंद हुआ**
३. **Dow Jones 275.50 अंक चढ़कर 44,094.77 पर बंद**

वहीं एशिया प्रशांत बाजारों में मिला-जुला प्रदर्शन देखने को मिला:
१. **जापान का निक्केई 0.87% गिरा**
२. **साउथ कोरिया का कोस्पी 1.83% चढ़ा**
३. **ऑस्ट्रेलिया का ASX 200 0.15% ऊपर बंद हुआ**

**विशेषज्ञों की राय**
**मेहता इक्विटीज लिमिटेड** के **सीनियर रिसर्च एनालिस्ट** प्रशांत तापसे के अनुसार,
"पिछले हफ्ते ग्लोबल मार्केट्स के पॉजिटिव संकेतों और घरेलू निवेशकों की खरीद के चलते तेजी आई थी। अब निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर है, जिसकी समयसीमा नजदीक आ चुकी है।"

वहीं, जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा,
"वेस्ट एशिया में सीजफायर के बाद आई स्थिरता और अमेरिका के साथ संभावित ट्रेड डील ने वैश्विक धारणा को मजबूत किया है।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.